**(प्रेस नोट दिनांक 21-11-23)**

# **" गैंगस्टर में वांछित चल रहा लुटेरा अभियुक्त गिरफ्तार । "**

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराधों की रोक थाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निकट निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 21.11.2023 को थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर में वांछित चल रहे अभियुक्त **अंकित पुत्र रामराज सिंह निवासी ग्राम वीरसिंहपुर हाल पता डाबरी मोड ग्राम राजेपुर थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ** को मुखबिर की सूचना पर हरदोई बाईपास चौराहा शाहजहांपुर से गिरफ्तार किया गया है। थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस द्वारा संगठित गैंग बनाकर जनता के लोगों को सवारी के बहाने अपनी चार पहिया गाडी में बैठाकर रास्ते में उनके साथ लूटपाट करने वाले व बंद मकान , दुकान इत्यादि में चोरी की घटना कर धन अर्जित करने वाले गैंग को रजिस्टर्ड कराकर गैंग के विरुद्ध मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 495/23 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट दिनांक 31.10.2023 को पंजीकृत किया गया था । जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक रोजा द्वारा की जा रही है। अंकित उपरोक्त उक्त अभियोग में वांछित चल रहा था।

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व आपराधिक इतिहास -

**अंकित पुत्र रामराज सिंह निवासी ग्राम वीरसिंहपुर हाल पता डाबरी मोड ग्राम राजेपुर थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ**

1.मु0अ0सं0 495/23 धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी (निवारण) क्रियाकलाप अधिनियम, 1986

2.मु0अ0सं0 326/23 धारा 392/411/420 भादवि थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर

3. मु0अ0सं0 370/23 धारा 307,399,402 भादवि. 3/4/25 आयुध अधिनियम थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर

5.मु0अ0सं0 66/23 धारा 382/324 भादवि. थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर

5. मु0अ0सं0 208/23 धारा 457/380/411 भादवि थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर

## पूछताछ का संक्षिप्त विवरणः-

अभियुक्त अंकित पुत्र रामराज सिंह निवासी ग्राम वीरसिंहपुर हाल पता डाबरी मोड ग्राम राजेपुर थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ ने पूछने पर बताया कि मुझे पता चला है कि शाहजहाँपुर में मेरे खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा लिखा है। जिसके सिलसिले में मैं आज वकील से मिलने शाहजहाँपुर कोर्ट जा रहा था कि हरदोई बाईपास के पास पुलिस ने पकड लिया।

## गिरफ्तार करने वाली टीमः–

1.उ0नि0 श्री योगेन्द्र बहादुर सिंह, थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर।

2.हे0का0 461 संजीव कुमार ,थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर।

3.का0 1421 सतीश थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर।

4.का0 2676 नितिन थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर।

5. का0 2792 अतुल शाक्य थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर।